The demands have been examined and additional quota of two sleeper class berths by 2925 Mumbai-Amritsar Paschim Express has been allotted at Vapi station. The quota available at other stations is adequate to meet the present level of demand.

**केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या**

651. **श्रीमती मालती शर्मा**: क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1993-94, 1994-95 एवं 1995-96 के दौरान देश में स्थापित किए जाने हेतु कुल कितने नये केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत किये गये और उनकी राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) देश में अब तक कुल कितने केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किये जा चुके हैं और कितने विद्यालयों के पास अपनी भूमि तथा भवन हैं;

(ग) क्या यह सच है कि अनेक केन्द्रीय विद्यालय अभी भी टैन्टों में चल रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे विद्यालयों की राज्य-वार संख्या कितनी है तथा सरकार द्वारा उनको आवश्यक भवन कब तक उपलब्ध करा दिये जाने की संभावना है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया)**: (क) 1993-94 से 1995-96 तक अवधि के दौरान खोले गए केन्द्रीय विद्यालयों की राज्य-वार, वर्ष-वार संख्या दर्शाने वाला विवरण नीचे दिया गया है।

(ख) केन्द्रीय विद्यालय 858 हैं जिनमें 2 विदेशों के भी शामिल हैं। इनमें से, 331 विद्यालयों की अपनी भूमि और भवन हैं। परियोजना क्षेत्र के 167 विद्यालयों के मामले में, विद्यालय चलाने के लिए अनिवार्य भूमि तथा भवन प्रदान करने का दायित्व परियोजना प्राधिकारियों का ही है।

(ग) और (घ): केवल 12 विद्यालयो ही तम्बुओं में चल रहे हैं। राज्य-वार संख्या इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली | - | 5 |
| राजस्थान | - | 3 |
| जम्मू और काश्मीर | - | 2 |
| मणिपुर | - | 1 |
| हरियाणा | - | 1 |

इनमें 12 में से, 6 विद्यालयों में स्थायी भवन का निर्माण संस्वीकृत कर दिया गया है। 3 विद्यालयों में भूमि स्थानांतरण कारगर हो गया है तथा कार्य ड्राइंग तथा/अथवा प्राक्कलन तैयार करने के चरण पर हैं। तीन विद्यालयों के संबंध में प्रायोजित प्राधिकारियों द्वारा भूमि औपचारिक रूप से आवंटित/स्थानांतरित नहीं की गई है। इस मामले को प्रायोजित प्राधिकारियों के साथ पहले ही उठाया गया है। यह सुनिश्चित किए जाने के लिए कि भवन यथासंभव शीघ्र तैयार हो जाएं, कार्रवाई पहले ही आरंभ कर दी गई है।

## विवरण

**(क) 1993-94 से 1995-96 तक की अवधि के दौरान खोले गए राज्यवार, वर्ष-वार केन्द्रीय विद्यालय**

| राज्य | 1993-94 | 1994-95 | 1995-96 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 01 | 02 | 01 | 04 |
| असम | 01 | - | 02 | 03 |
| बिहार | 02 | 02 | 01 | 05 |
| गुजरात | 02 | 01 | - | 03 |
| हरियाणा | 01 | 01 | 02 | 04 |
| हिमाचल प्रदेश | 01 | 01 | - | 02 |
| केरल | 01 | - | 02 | 03 |
| कर्नाटक | 02 | - | 01 | 03 |
| मध्य प्रदेश | 08 | 05 | 04 | 17 |
| महाराष्ट्र | 01 | - | - | 01 |
| उड़ीसा | 01 | 03 | 01 | 05 |
| राजस्थान | 01 | 03 | 01 | 05 |
| त्रिपुरा | 01 | - | - | 01 |
| उत्तर प्रदेश | 02 | 03 | 01 | 06 |
| पश्चिम बंगाल | - | 01 | 02 | 03 |
| दिल्ली | 01 | 01 | - | 02 |
| अरूणाचल प्रदेश | - | - | 01 | 01 |
| नागालैंड | - | - | 02 | 02 |
| तमिलनाडु | - | - | 01 | 01 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | - | 01 | 01 |
| | **26** | **23** | **23** | **72** |